हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 40 .0 डिग्री
न्यूनतम 25 .0 डिग्री

8 विद्यार्थियों ने दिया पृथ्वी बचाओ का संदेश



8 लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा दी



## खबर संक्षेप

### जींदः हाइड्रोजन ट्रेन का भंभेवा तक ट्रायल किया

**जींद।** हाइड्रोजन ट्रेन का भंभेवा तक ट्रायल किया गया। दोपहर बाद तीन बजे ट्रेन यार्ड से निकली और पांडू पिंडारा के बाद भंभेवा स्टेशन पर रुकी। इस दौरान ट्रेन की गति 70 से 75 किलोमीटर तक रही। भंभेवा से चल कर ट्रेन शाम लगभग सात बजे जींद पहुंची। वहीं 24 अप्रैल को सीआरएस कमीश्नर आफ रेलवे सेफ्टी के आने की संभावना है। दो सप्ताह बाद हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल हुआ। सात अप्रैल के बाद से ट्रेन का रनिंग ट्रायल नहीं हुआ था।

### हमला कर किया घायल चार पर मामला दर्ज

**जींद।** उचाना मंडी में कहासुनी के चलते हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव काब्रच्छा निवासी ज्ञानपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उचाना मंडी आया हुआ था। जहां पर उसकी भूप सिंह से कहासुनी हो गई। उसी दौरान भूप सिंह तथा उसके परिजनों ने हमला कर दिया। जिसमें उसे चोटें आई। उचाना थाना पुलिस ने भूप सिंह, रिषी, रामनिवास, विरेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकान का ताला तोड़कर नकदी तथा सामान चोरी

**जींद।** गांव खांडा में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव खांडा निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके भतीजे अभिषेक ने गांव मे दुकान खोली हुई है। बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ दस हजार 750 रुपये की नकदी, सिलेंडर व अन्य सामान को चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला जब दुकान पर पहुंचा था।

### दानपात्र का ताला तोड़कर तीस हजार की नकदी चोरी

**जींद।** गांव फैरण कलां में बीती रात चोरों ने दादा खेड़ा के दानपात्र को ताला तोड़ कर लगभग 30 हजार रुपये दान राशि को चोरी कर लिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव फरैण कलां निवासी प्रतीक ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गांव में दादा खेड़ा बनाया हुआ है। जिसमें दान पात्र भी रखा हुआ था। बीती रात चोरों ने दान पात्र का ताला तोड़ कर लगभग 30 हजार रुपये की राशि का चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने प्रतीक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राज्यसभा सांसद कर्मवीर 26 अप्रैल को जुलाना में

**जुलाना।** आगामी 26 अप्रैल को जुलाना के वार्ड नंबर पांच स्थित संत रविदास चौपाल में राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। श्री संत शिरोमणी सभा जुलाना के प्रधान सुरेंद्र फौजी ने बताया कि कार्यक्रम में सोनीपत से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी तथा बरोदा से विधायक इंदु राज नरवाल भी शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मवीर बौद्ध के सम्मान समारोह को लेकर गांवों में लोगों को निमंत्रण दिए जा रहे हैं।

### इंग्लैंड भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** इंग्लैंड भेजने के नाम पर 12.46 लाख ठगी मामले की जांच इकनॉमिक सैल के एसआई कुलबीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी मोहाली पंजाब निवासी मुकेश को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डेरा गरजा सिंह कैथल निवासी जसवंत सिंह की शिकायत अनुसार वह 10वीं कक्षा तक पढ़ा लिखा है और बेरोजगार होने से विदेश जाना चाहता था। अर्जुन नगर कैथल निवासी तरुण शर्मा उसका दोस्त है, वह भी विदेश जाना चाहता था।

## हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने जींद पॉलीक्लीनिक पर मारा छापा

# चिकित्सक-स्टाफ नदारद, सफाई व्यवस्था का मिला बुरा हाल, कैमरे बंद, सवालों का जवाब नहीं दे पाई सीएमओ

### चिकित्सक व स्टाफ गायब रहने की लगातार मिल रही थी शिकायतें

उपायुक्त व सीएमओ साथ रही मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

यहां के डॉक्टर वहां बैठे हैं, वहां के डॉक्टर यहां बैठे हैं। डीसी साहब कुछ तो है। कुछ भी यहां क्लीयर नही हैं। कहीं से यह आपको अस्पताल लगता है। यह बात बुधवार को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा द्वारा जींद के पॉलीक्लीनिक पर अचानक की छापेमारी के दौरान सामने आई। जहां स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और स्टाफ की लापरवाही सामने आई। छापेमार कार्रवाई जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते किया गया। जिसमें चिकित्सक और स्टाफ नदारद मिले। सफाई व्यवस्था का बुरा हाल था और सीसी टीवी कैमरे भी बंद पाए गए।

डिप्टी स्पीकर ने नदारद रहे स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई व विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर देने की बात कही। डिप्टी स्पीकर ने निरीक्षण के दौरान पालीक्लीनिक का गेट अंदर से बंद कर दिया गया। जिससे बाहर से कोई अंदर नहीं आ सका। डिप्टी स्पीकर के छापा मारने की सूचना मिलते ही कुछ स्टाफ सदस्य पहुंचे लेकिन उन्हें अंदर नहीं आने दिया। डिप्टी स्पीकर ने हाजिरी रजिस्टर मंगवाया कर चेक किया। एक स्टाफ सदस्य ने रजिस्टर में हाजिरी लगा कर कहीं गया था। उसने डिप्टी स्पीकर से कहा कि वह ड्यूटी कार्य से अपोलो रोड क्षेत्र में गया था। डिप्टी स्पीकर ने तुरंत उसकी लोकेशन पता करवाई। उसकी लोकेशन अपोलो चोक की नही पाई। उसके बाद स्टाफ सदस्य ने कहा कि वह नागरिक अस्पताल में गया था। स्पीकर ने फटकार लगाते कहा कि कितना झूठ बोलोगे। डिप्टी स्पीकर के निरीक्षण का पता चलने के बाद डीसी मोहम्मद इमरान रजा और सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली भी वहां पहुंच गए।

डिप्टी स्पीकर ने निरीक्षण के दौरान पॉलीक्लीनिक में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल पाया। सीसी टीवी कैमरे भी बंद पाए गए। मौके पर मौजूद स्टाफ के एक सदस्य ने बताया कि प्रथम तल पर जहां पंचकर्मा का काम होता है वहां सफाई करने से मना किया गया है। डिप्टी स्पीकर ने खराब कैमरों की जांच करने के भी आदेश दिए। साथ ही कहा कि 22 दिन से पॉलीक्लीनिक में पंचकर्मा नहीं हो रहा है। मरीज परेशान हैं। यहां डाक्टर व स्टाफ राजनीति करने में लगे हुए हैं। इस मामले में जो भी शामिल हैं, सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।





जींद। सीएमओ तथा अन्य अधिकारियों से जवाब-तलबी करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि



जींद। जांच करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो :हरिभूमि

### समीक्षा बैठक बुलाई जाए

बधवार को डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने जींद पॉलीक्लीनिक का निरीक्षण किया। छापे के दौरान पॉलीक्लीनिक में चिकित्सक और अन्य स्टाफ सदस्य गायब पाए गए। ओपीडी समय के दौरान भी वार्ड में कोई मौजूद नही था। जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सफाई व्यवस्था की जांच में पॉलीक्लीनिक की स्थिति बेहद खराब पाई गई। कमरों में कचरा था, जैसे वह कई दिनों से खुले नही हों। इसके अलावा सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसी टीवी कैमरे भी बंद मिले। जो स्वास्थ्य केंद्र की सुरक्षा व स्वास्थ्य अधिकारियों की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। इस छापेमारी से स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगले कुछ दिनों में पॉलीक्लीनिक की समीक्षा बैठक बुलाई जाए और सभी कमियों को दूर किया जाए।

### सख्त कार्रवाई की जाएः मिड्ढा

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि नदारद रहे स्टाफ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाएं जनता की मौलिक जरूरत हैं और इन्हें किसी भी कीमत पर लापरवाही का शिकार नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने डीसी और सीएमओ को निर्देश दिए कि अनुपस्थित स्टाफ की सूची तैयार कर तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही सफाई व्यवस्था को तुरंत सुधारने और सीसीटीवी कैमरों को चालू करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाने को कहा। डा. मिड्ढा ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं है। स्टाफ की जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है। सरकार का फोकस आम आदमी की सुविधाओं पर है।

### जगह की कमी से चलाया जा रहा पंचकर्मा सेंटर

सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली ने डिप्टी स्पीकर के निरीक्षण के बाद अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पंचकर्मा सेंटर आयुष विंग में स्थापित करने की साल 2019 में सरकार की तरफ से स्थापित करने के प्रयास किए गए। तब जगह की कमी के चलते पंचकर्मा सेंटर को पॉलीक्लीनिक सेक्टर आठ में चलाने के निर्देश थे। यहां इनका भवन बन गया है, इसलिए यहां पंचकर्मा सेंटर शिफ्ट कर लिया जाए। पॉलीक्लीनिक में मरीजों में जाने में परेशानी होती है। इसलिए पंचकर्मा सेंटर के डाक्टर और आयुर्वेद मेडिकल अधिकारियों को पंचकर्मा सेंटर नागरिक अस्पताल के आयुष विभाग में शिफ्ट करने के लिए चिट्ठी लिखी गई थी। पंचकर्मा के डाक्टर व स्टाफ की ज्वायनिंग नागरिक अस्पताल के आयुष विभाग में होती है।

### विभाग को जवाबदेह बनाया जाएगा

डिप्टी स्पीकर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुमन कोहली से पंचक्रम व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी हासिल करनी चाहिए और स्टाफ की अनुपस्थिति और सुविधाओं की कमी पर सवाल पूछे तो वो इन सवालों के संतोषजनक जवाब नहीं दे पाईं। डा. मिड्ढा ने कहा कि चिकित्सक और स्टाफ के गायब रहने की शिकायतें मिल रही थी। मरीज और परिजन अक्सर शिकायत करते रहे हैं कि डॉक्टर समय पर उपलब्ध नहीं आते और न ही मिलते हैं। जिससे उपचार से मरहूम हैं। डिप्टी स्पीकर ने मरीजों से भी बातचीत की। मरीज ने बताया कि चिकित्सक बैठते ही नही हैं। दवा भी ठीक से उपलब्ध नहीं होती हैं। डा. मिड्ढा ने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग को जवाबदेह बनाया जाएगा और ऐसी लापरवाही दोबारा नहीं होने दी जाएगी।



कैथल। सनसिटी में अवैध अतिक्रमण को हटाती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

**कैथल।** जिला नगर योजनाकार कार्यालय ने शहर की लाइसेंस प्राप्त कॉलोनियों में लोगों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। कार्रवाई का उद्देश्य सड़कों के राइट ऑफ वे को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना है। डीटीपी प्रवीण कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत ढांड रोड स्थित सनसिटी और जींद रोड स्थित गुलमोहर सिटी में सेक्टर रोड और आंतरिक सड़कों पर निवासियों द्वारा किए गए अतिक्रमण हटाए गए। टीम ने मौके पर फेंसिंग, ग्रिल और अन्य अवरोधों को हटाकर सड़कों को खाली कराया। इस दौरान वे स्वयं ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे।

## विधायक जांबा ने 2.55 करोड़ की विभिन्न जनहित परियोजनाओं का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पूंडरी

पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए आज विधायक सतपाल जांबा ने लगभग 2.55 करोड़ की विभिन्न जनहित परियोजनाओं का शिलान्यास कर क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। पूरे दिन चले कार्यक्रमों में अनेक गांवों में पहुंचकर विधायक ने आधारभूत सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत की। विधायक सतपाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री नायब सैनी जी



के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार गांव-गांव तक विकास पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। इसी कड़ी में पुण्डरी विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।आज के कार्यक्रमों के दौरान गांव भाणा में 15 लाख की लागत से हाल निर्माण कार्य, बरसाना में 1 करोड़ रुपए की लागत से आरसीसी पाइपलाइन एवं चौपाल निर्माण कार्य, सिरसल-बदनारा रोड पर 90 लाख की आरसीसी पाइपलाइन, फतेहपुर में 19.97 लाख की लागत से दो चौपाल निर्माण कार्य तथा गांव टीक में 31 लाख की लागत से सरकारी पशु चिकित्सालय भवन का शिलान्यास किया गया। विधायक ने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी, सामाजिक भवनों की सुविधा बढ़ेगी, पशुपालकों को लाभ मिलेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी।

## ट्रक चालक 360 किलोग्राम डोडापोस्त सहित गिरफ्तार

- गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई अनुमानित कीमत करीब **35** लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

एंटी नारकोटिक सेल कैथल ने एक ट्रक चालक को 360 किलोग्राम डोडापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 35 लाख हैं। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम गश्त के दौरान खरक पांडवा जम्मू कटरा हाईवे पुल के नीचे मौजूद थी। इसी दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक नंबर में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ डोडापोस्त लेकर राधा स्वामी सत्संग भवन कलायत के पास सड़क पर खड़ा है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम ने तुरंत रेडिंग पार्टी का गठन कर उक्त स्थान पर दबिश दी। जहां एक बंद बॉडी ट्रक दिखाई दिया। मौके पर पहुंचने पर व्यक्ति ट्रक में बैठा मिला, जिसने आपको ट्रक चालक बताया। जिसको पुलिस टीम द्वारा काबू कर लिया।

## नगूरां पंचायत की सेहत विभाग को दो टूक, नहीं लगेगा एचपीवी टीका

- गांव की दोनों पंचायतों ने स्वास्थ्य विभाग को लिखित में दिया पत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अलेवा

गांव नगूरां में सर्वाइकल कैंसर की एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर ग्राम पंचायत ने सख्त रुख अपनाया है। गांव की दोनों ग्राम पंचायतों ने साफ शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य विभाग गांव में बच्चियों को कोई भी एचपीवी वैक्सीनेशन नहीं लगाए। इसके लिए लिखित में स्वास्थ्य विभाग को अवगत करवाया है।

गांव नगूरां के सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप तथा रणधीर नबंरदार ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक इस विषय में लिखित जिम्मेदारी नहीं दी जाती तब तक गांव में एक भी बच्ची को यह टीका नहीं लगाने दिया जाएगा। उनका कहना था कि बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है।

पंचायत प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि टीकाकरण से पहले अभिभावकों को वैक्सीन के लाभ, संभावित साइड इफेक्ट और पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी जानी चाहिए। बिना अभिभावकों की सहमति और पूरी जानकारी के किसी भी बच्चे को टीका लगाना उचित नहीं है। प्रतिनिधि सदस्यों द्वारा पिछले कुछ प्रकरणों का हवाला भी दिया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने बातचीत के दौरान यह भी कहा कि इस तरह के टीकाकरण अभियानों को लेकर ग्रामीणों में कई सवाल और आशंकाएं हैं। उनका कहना था कि वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य नीतियों को प्रभावित करने में बड़ी संस्थाओं और दवा कंपनियों की भूमिका पर भी सवाल उठते रहे हैं।

### परिचालक के बैग से गिरे कैश को ले उड़ा युवक

**जींद।** अमरहेड़ी के निकट कैथल से जींद आ रही किलोमीटर स्कीम की बस में परिचालक के 23900 रुपये गायब हो गए। सदर थाना पुलिस ने परिचालक की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जींद डिपो किलोमीटर स्कीम के परिचालक दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने निर्धारित रूट पर कैथल से बस में सवारियां लेकर जींद आ रहा था। टिकट काटने के बाद गांव कंडेला से निकल कर वह अगली पर बैठ गया। उसी दौरान उसके बैग से 23900 रुपये निकल कर सीट के नीचे गिर गए। परिचालक की सीट के पीछे भी एक युवक बैठा हुआ था। जो रुपयों को उठा कर गांव अमरहेड़ी उतर गया। रुपये गायब होने का परिचालक को उस समय पता चला जब बस अड्डे पर आकर उसने कैश को संभाला। जिसमें से 23900 रुपये गायब मिले।

## मजदूरों ने मंडी गेट पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

मंडी मजदूर यूनियन द्वारा बुधवार दोपहर को हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी गेट पर ताला जड़ करीब एक घंटे तक गेट को बंद रखा। मार्केट कमेटी सचिव योगेश, वेयर हाऊस मैनेजर सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों के आश्वासन पर मजदूरों ने गेट का तोला खोल कार्य शुरू किया गया। यूनियन के सचिव राजबीर चौहान की अगुवाई में मजदूरों ने काम छोड़ कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद मंडी गेट पर ताला लगा दिया। मंडी गेट पर ताला लगने से जो वाहन अंदर थे वो अंदर रहे गए। बाहर के वाहनों की मंडी में एंट्री नहीं हुई। एक घंटे के बाद गेट का ताला खोल गेट को खोला गया। राजबीर चौहान ने बताया कि वेयर हाऊस का जो बारदाना है वो पुराना बारदाना है। एजेंसी द्वारा कहा जाता है कि जो बारदाना के बैग है उनकी साइड बदल कर गेहूं भरा जाए, जो लोडिंग ठेकेदार के वाहन है वो कम होने से भी उठान की रफ्तार धीमी है। जिससे मजदूर पूरे दिन मंडी में खाली बैठे रहते हैं।



उचाना। मजदूरों द्वारा बंद किया गया हाईवे स्थित अतिरिक्त मंडी गेट।

## उपायुक्त ने किया राजकीय माध्यमिक विद्यालय फ्रांसवाला का दौरा

# डीसी बनी अध्यापिका, छात्राओं को समझाए विज्ञान के नियम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

डीसी अपराजिता ने फ्रांसवाला स्थित एक राजकीय माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया और जॉयफुल एक्टिविटी में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक प्रशासनिक भूमिका से आगे बढ़कर एक शिक्षक की भूमिका निभाई और बच्चों को रोचक तरीके से विज्ञान पढ़ाया। साथ ही डीसी ने एक कक्षा में बच्चों की स्कूल प्रबंधन समिति बनाकर स्कूल के विकास पर चर्चा की तो बच्चों ने कई रचनात्मक सुझाव दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी सीधे कक्षा में पहुंची और बच्चों को प्रयोगात्मक तरीके से पढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने पानी से भरी बाल्टी में विभिन्न वस्तुएं डालकर विद्यार्थियों को घनत्व और आयतन का सिद्धांत समझाया। इस सरल प्रयोग के माध्यम से बच्चों ने जाना कि कौन-सी वस्तुएं पानी में तैरती हैं और कौन-सी डूब जाती हैं, तथा इसके पीछे का वैज्ञानिक कारण क्या है। एक्टिविटी के दौरान डीसी ने विद्यार्थियों की स्कूल प्रबंधक कमेटी गठित की और उनसे स्कूल में सुधार के लिए सुझाव मांगे। बच्चों ने खुलकर अपनी बात रखी और जरूरतें बताई। जिसमें स्कूल में सीसीटीवी कैमरे, बेंचों की मरम्मत, पंखों की धीमी गति में सुधार तथा हिंदी शिक्षक के रिक्त पद को भरने के सुझाव शामिल थे। डीसी अपराजिता ने कहा कि बच्चों के सुझाव सबसे ईमानदार होते हैं और स्कूल के विकास में उनकी भागीदारी जरूरी है। वे अपनी जरूरतें अच्छे ढंग से बता सकते हैं। जरूरत है, उनसे जुड़कर बातचीत करने की। उन्होंने मौके पर ही जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जो भी काम ज्यादा जरूरी है, उसे प्राथमिकता के आधार पर करवाएं। शेष कार्यों को पूरा करवाने के लिए भी प्रक्रिया शुरू करें।



कैथल। डीसी अपराजिता फ्रांसवाला के स्कूल में छात्राओं को विज्ञान के तरीके समझाते हुए।

### बच्चों में सीखने के प्रति उत्साह बढ़ाया

इसके बाद डीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी के इस दौरे ने जहां बच्चों में सीखने के प्रति उत्साह बढ़ाया, वहीं अधिकारियों को भी यह संदेश दिया कि शिक्षा में सुधार के लिए जमीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष कुमार, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद राणा, एआईपीआरओ अमित कौशिक, जिला विज्ञान विशेषज्ञ छत्रपाल, अधीक्षक सुरेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### शादी में युवक की हत्या के दो आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** निजी होटल में बारातियों के बीच हुई आपसी कहासुनी के चलते एक व्यक्ति की हत्या करने के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

सदर थाना जींद प्रभारी मनीष कुमार ने बुधवार को बताया कि गत 20 अप्रैल को पुलिस चौकी को जानकारी मिली कि गांव बराहखुर्द निवासी विकास की कुसुम होटल में आपसी कहासुनी के चलते हत्या कर दी गई है। मृतक के भाई अरविंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भाई के साथ अपने चाचा के लड़के कि शादी में जींद में आए थे। यहां सतीश, अमन व अन्य लोगों ने उसके भाई विकास के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। तैश में आए अमन ने अपने साथियों के साथ मिल कर चाकू से विकास की छाती तथा पेट पर वार कर दिए।

## खबर संक्षेप

### द्वितीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आठ मई को

**नरवाना।** श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन आठ मई को हुडा ग्राउंड नरवाना में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई और सभी साथियों को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गई। पुनीत जैन ने बताया कि नरवाना की श्री श्याम बाबा के लाडले संस्थान द्वारा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का यह द्वितीय आयोजन नरवाना के हुडा ग्राउंड में आगामी आठ मई को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा।

### रणदीप सुरजेवाला आज जींद जिला के दौरे पर

**नरवाना।** कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला वीरवार को जिला जींद की विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा कर फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लेंगे और किसान, मजदूर, आढ़ती साथियों से मुलाकात करेंगे। कैलाश सिंगला ने बताया कि रणदीप सिंह सुरजेवाला वीरवार को नरवाना की मेला मंडी में फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लेंगे व किसानों को आ रही समस्याओं को लेकर किसानों से भी मुलाकात करेंगे। इसी कड़ी में नरवाना के मेला मंडी के उपरांत उचाना मंडी जींद अनाज मंडी में भी रणदीप सिंह सुरजेवाला फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लेंगे।

### ससुराल के लिए निकली युवती लापता, केस दर्ज

**जींद।** रामराये गेट से ससुराल के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रामराये गेट निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी गत 12 अप्रैल को अपनी ससुराल के लिए निकली थी। जिसके बाद उसकी बेटी ने तो ससुराल पहुंची और न ही घर वापस लौटी। पूछताछ-तलाशने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### झगड़े में दो घायल, छह युवकों पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव डूमरखां कलां के निकट दो युवकों के साथ मारपीट करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने छह युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हनुमान नगर नरवाना निवासी मंदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कार्यवश गांव डूमरखां कलां गया हुआ था। उसी दौरान उसकी गांव लोन निवासी अंकित तथा उसके साथियों से कहासुनी हो गई। जिस पर आरोपितों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। एक युवक ने उसे छुड़ाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की।

### महाराजा अग्रसेन स्कूल में विश्व अर्थ-डे मनाया

**जींद।** महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अर्थ डे आनंदमयी और उत्साहपूर्वक मनाया गया। आवर अर्थ, आवर होम विषय पर बच्चों ने रंग बिरंगे और रचनात्मक अंदाज में पृथ्वी दिवस मनाया। बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा करने और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प चुनने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम का समापन गीतों और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के उत्साह के साथ हुआ। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने भी बच्चों को छोटी उम्र से ही प्रकृति के प्रति जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

### श्रद्धा से मनाया जाएगा मानव एकता दिवस

**जींद।** जब मानव हृदय में प्रेम की मधुर धारा अविरल प्रवाहित होती है और आत्मा एकत्व के दिव्य स्पंदन से आलोकित होती है, तभी मानवता का वास्तविक और पावन स्वरूप प्रकट होता है। यह वही स्थिति है जहां समस्त भेदभाव स्वतः विलीन हो जाते हैं और करुणा, समरसता तथा सार्वभौमिक भाईचारे का भाव जीवन्त हो उठता है। इसी दिव्य आध्यात्मिक चेतना को साकार करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में मानव एकता दिवस 24 अप्रैल को श्रद्धा, समर्पण और प्रेममय वातावरण में आयोजित किया जाएगा।

## मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में पृथ्वी दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया

# विद्यार्थियों ने दिया पृथ्वी बचाओ का संदेश

### बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**विद्यार्थियों ने पृथ्वी को समर्पित प्रार्थना प्रस्तुत की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों तक सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पृथ्वी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराना तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना था। इसमें विद्यार्थियों ने पृथ्वी को समर्पित प्रार्थना प्रस्तुत की। प्रार्थना के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि पृथ्वी हमारी माता है और उसकी सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा अर्थ डे से संबंधित कविताएं प्रस्तुत की गई। जिनमें प्रकृति की सुंदरताए पर्यावरण की महत्ता तथा पृथ्वी को बचाने की आवश्यकता को सरल और प्रभावशाली शब्दों में व्यक्त किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की कविताएं व गतिविधियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। छोटे बच्चों ने अपनी मासूमियत और आत्मविश्वास के साथ सेव अर्थ , ग्रीन अर्थ, क्लीन अर्थ जैसे संदेश दिए। जिससे पूरा वातावरण प्रेरणादायक बन गया। बच्चों ने रंग बिरंगे चार्ट, पोस्टर और छोटे.छोटे अभिनय के माध्यम से भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली भाषण भी प्रस्तुत किए गए। भाषणों में जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और स्वच्छता बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। छात्रों ने विचारों के माध्यम से यह बताया कि यदि हम आज से ही जागरूक नहीं तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। विद्यार्थियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन करते ये सिद्ध कर दिया कि वे न केवल पढ़ाई में बल्कि रचनात्मक गतिविधियों में भी अग्रणी हैं। उनकी प्रस्तुतियों में पर्यावरण के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

#### पृथ्वी की रक्षा करना सबका कर्तव्य

अध्यक्ष संदीप दहिया और प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि पृथ्वी ही हमारा एकमात्र घर है और इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। हमें अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर पर्यावरण की सुरक्षा में योगदान देना चाहिए। जैसे कि पानी की बचत करना, अधिक से अधिक पेड़ लगाना और प्लास्टिक का कम उपयोग करना। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए यह भी कहा कि वे पर्यावरण रक्षक बन कर समाज में जागरूकता फैलाएं। प्रशासक वीपी शर्मा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नही बल्कि विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें सामाजिक तथा पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाते हैं। समापन के अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने मिलकर पृथ्वी की रक्षा करने की शपथ ली।



प्लस प्वाइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बना लिखा अर्थ डे।

## विद्यार्थियों ने मानव शृंखला बनाकर मनाया विश्व अर्थ डे

**उचाना।** खापड़ के प्लस प्वाइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्साहपूर्वक वल्र्ड अर्थ डे मनाया गया। मानव श्रृंखला बना कर विद्यार्थियों ने अर्थ डे लिखा। इस दौरान बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और प्रकृति को स्वच्छ व सुरक्षित रखने का संदेश दिया गया। सीएमडी आरएम सांगवान ने बताया कि वल्र्ड अर्थ डे का उद्देश्य बच्चों को शुरू से ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनाना है। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने और डस्टबिन का सही तरीके से उपयोग करने के बारे में सिखाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और अन्य कई रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि यदि बच्चों को बचपन से ही अच्छी आदतें सिखाई जाएं तो वे बड़े होकर स्वयं पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आएंगे। वल्र्ड अर्थ डे के इस आयोजन ने बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने लिया पर्यावरण सुरक्षित रखने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विश्व अर्थ डे पर सुरेंद्र कुमार मैमोरियल कालेज ऑफ नर्सिंग में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कॉलेज के चेयरमैन राधेश्याम शर्मा ने प्रेरणादायक भाषण देते पृथ्वी दिवस के महत्व को समझाया और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर राजेश शर्मा, प्रिंसिपल सोनू, सोनिया, काजल, सोनिका सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। इस दौरान कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पौधे लगाए तथा पर्यावरण को स्वच्छ और हरित बनाने के उपायों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन पृथ्वी संरक्षण के संदेश के साथ हुआ। जिसमें सभी ने मिल कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। पृथ्वी हमें सब कुछ देती है। बिना बदले में कुछ मांगे। आज हम सब एक साथ आए हैं यह दिखाने के लिए कि हम उसकी पुकार सुन रहे हैं। एक पेड़ लगाना, एक बोतल को दोबारा इस्तेमाल करना, एक अच्छी आदत अपनाना यही हमारे द्वारा पृथ्वी को दिया गया सच्चा धन्यवाद है। आइए इस भावना को केवल पृथ्वी दिवस तक सीमित न रखें बल्कि इसे अपने हर दिन का हिस्सा बनाएं। क्योंकि प्रकृति से किए गए वादे कभी अधूरे नहीं रहने चाहिए।

### वुड स्टॉक पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया

**जींद ।** वुड स्टॉक पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया । जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे, मुन्ने बच्चों नर्सरी से यूकेजी की प्रिंटिंग एक्टिविटी से हुई। बच्चों ने पेड़ों, पत्तियों और प्रकृति से जुड़ी सुंदर आकृतियां बना कर अपने रचनात्मक कौशल का परिचय दिया। इसके बाद कक्षा पहली से पांचवीं तक के छात्रों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की । जिसमें बच्चों ने पृथ्वी, पेड़, जल संरक्षण और पर्यावरण से जुड़े विभिन्न रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों के संदेशों ने सभी को प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाई। आगे कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।



जींद। कार्यक्रम में पर्यावरण को बचाने की शपथ लेते हुए।

### इको क्विज का आयोजन

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य डा. नीरज कुमार के सानिध्य में पृथ्वी दिवस के अवसर पर बड़े उत्साह और उमंग के साथ कक्षा पांचवें से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए इको क्विज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उन्हें धरती को बचाने की जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करना था। डा. नीरज कुमार ने बच्चों को अपने नाम का एवं अपनी मां के नाम का पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। इको क्विज में कक्षा पांचवी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण, सतत विकास तथा संरक्षण से संबंधित विषयों पर अपनी जानकारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न रोचक राउंड आयोजित किए गए। जिन्होंने विद्यार्थियों की समझ और जागरूकता को परखा।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय में प्रॉमिस पेबल्स, वेस्ट मैटेरियल से रीयूज, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आदि गतिविधियाँ करवाई गईं। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 15 बटालियन के एनसीसी कैडेट्स ने भी विभिन्न गतिविधियों में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और अनुशासन के साथ अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पर्यावरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, कविता, नाटक व पीपीटी के माध्यम से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया गया। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने, पृथ्वी को संरक्षित करने और ग्लोबल वॉमिंग के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के मकसद से यह दिन मनाया गया। विद्यार्थियों को पृथ्वी व पर्यावरण को बचाने की शपथ भी दिलाई । यह दिन जलवायु और पर्यावरण संकट के सामने पैदा हुए संकट का ध्यान दिलाता है। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने विद्यार्थियों को वृक्षारोपण करने, बिजली व पानी बचाने और पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने ये भी बताया कि कचरा कम करना और ईंधन का कम उपयोग करना कितना जरूरी है।





जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा दी

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल में इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी एवं अनुशासन की भावना का विकास करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विद्यालय के ही पूर्व छात्र डा. सचिन गोयल (एनेस्थीसिया विशेषज्ञ) धर्मपत्नी पूजा गोयल के साथ उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को अपने अनुभव सांझा करते मेहनत, समर्पण एवं लक्ष्य के प्रति दृढ़ रहने की प्रेरणा दी। विद्यालय के नवनियुक्त हेड ब्वाय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन एवं अन्य पदाधिकारियों को बैज एवं सैश पहना कर सम्मानित किया गया।

## आरोपी से तीन भैंस व दो कटड़ी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एवीटी स्टाफ ने पशु चोरी मामले में पांच चोरीशुदा पशुओं सहित मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पशु चोरी के मामलों के बारे में पूछताछ कर रही है। एवीटी स्टाफ जींद के इंचार्ज उप निरीक्षक यशवीर सिंह ने बुधवार को जानकारी देते बताया कि थाना जुलाना में शिकायतकर्ता अजय वासी जुलाना ने अपनी शिकायत में बताया कि जैजैवंती में स्थित उसकी भैंसों की डेयरी में से तीन-चार अज्ञात चोर उसकी डेयरी का ताला तोड़ कर उसकी चार भैंसें चोरी कर ले गए। पुलिस ने अजय की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया। एवीटी स्टाफ ने तकनीकी जांच व साक्ष्यों के आधार पर गांव शामली उत्तर प्रदेश निवासी सारिक को नियमानुसार गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सारिक की निशानदेही पर तीन भैंस व दो कटड़ी बरामद की हैं। आरोपित को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस वारदात में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है। एवीटी स्टाफ जींद के इंचार्ज उप निरीक्षक यशवीर सिंह ने आमजन से अपील करती है कि अपने पशुओं व संपत्ति की सुरक्षा के लिए सतर्क रहें, रात के समय उचित सुरक्षा व्यवस्था करें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



पुलिस गिरफ्त में पशु चोरी का आरोपित। फोटो :हरिभूमि

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव कल करेंगे अनाज मंडियों का निरीक्षण

### नए नियम पूरी तरह किसान विरोधी: संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अनाज मंडियों में किसानों के अनुकुल व्यवस्था है या नहीं इसे जांचने के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एंव सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला 23 अप्रैल को जींद जिले की अनेको अनाज मंडियों में दौरा करेंगे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता किसानों, मजदूरों, आढ़तियों से मुलाकात करने के साथ भाजपा सरकार की खामियों को भी उजागर करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एडवोकेट संदीप मोठसरे ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे नरवाना की अनाज मंडी में और 11 बजे उचाना तथा 12 बजे जींद की नई अनाज मंडी में दौरा करेंगे। संदीप मोठसरे ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए ऐसा काम कर दिया है। जिससे लोग आंदोलन में व्यस्त रहे। भाजपा सरकार के तुगलकी निर्णयों के कारण कही किसान तो कही आढ़ती धरना दे रहे है। भाजपा सरकार ने फसल खरीद को लेकर जो नए नियम बनाए हैं वह पूरी तरह से किसान विरोधी है।



### जेईई मेंस की परीक्षा पास कर एडवांस्ड परीक्षा के लिए चयनित

# इंडस स्कूल के 10 विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गत 20 अप्रैल को जेईई मेंस का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें इंडस पब्लिक स्कूल जींद के 10 विद्यार्थियों ने जेईई मेंस की परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त कर एडवांस्ड में जगह बना कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। इन विद्यार्थियों में अतीषय जैन, अनुशा तायल, कार्तिक, शौर्य श्योकंद, वानी, कमलदीप, जशन, तनिषा, गौरव व अर्षिया ने श्रेष्ठ पर्सेंटाइल प्राप्त की। इंडस पब्लिक स्कूल जींद के इन विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में उच्चतम पर्सेंटाइल प्राप्त कर अपने जिले, विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया। इस अवसर पर इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने जेईई मेंस परीक्षा के प्रथम चरण में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस विशिष्ठ उपलब्धि पर इंडस पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अरूणा शर्मा ने एडवांस्ड परीक्षा के लिए चयनित विद्यार्थियों की उपलब्धि पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि हम सब के लिए यह गर्व की बात है कि इंडस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी हर क्षेत्र में हमेशा की तरह अपनी योग्यता का परिचय देते हैं। उन्होंने कहा कि आज के इस आधुनिक युग में बच्चों का सर्वांगीण विकास होना अत्यंत आवश्यक है। इंडस पब्लिक स्कूल का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे के बौद्धिक और शारीरिक विकास में वृद्धि करना है। खेलों और पढ़ाई के माध्यम से इंडस पब्लिक स्कूल नित नए आयामों को प्राप्त कर के लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इनसे प्रेरणा लेकर जीवन में सफलता प्राप्त करने तथा अपने व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करने के लिए प्रेरित किया।









जींद। इंडस पब्लिक स्कूल के चयनित बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## राज्यस्तरीय प्रतिनिधि कन्वेंशन 26 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बहु उद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसो हरियाणा 26 अप्रैल को रोहतक में राज्यस्तरीय प्रतिनिधि कन्वेंशन का आयोजन करेगा। एसो की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी, उप प्रधान सुदेश देवी व महासचिव सहदेव आर्य ने बताया कि 26 अप्रैल को सुबह दस बजे से कन्वेंशन का आयोजन होगा।

कन्वेंशन का मुख्य उद्देश्य जिला एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने, सरकार की कर्मचारी एवं दमनकारी नीतियों का हर स्तर पर विरोध करने एवं भाईचारे को संगठित एवं एकजुट रहने बारे राज्यस्तरीय पदाधिकारी कन्वेंशन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर जिले से जिला कमेटी एवं ब्लॉक स्तरीय पदाधिकारी शामिल होंगे। राज्य प्रवक्ता संदीप कुंडू ने बताया कि कन्वेंशन में एसो लंबित मांगो को लेकर रणनीति भी तैयार करेगी एवं सभी लंबित मांगो जिनमें न्यू नॉर्म के नाम पर समाप्त किए गए पदों को बहाल करवाने, आबादी आधारित व आईपीएचएस के न्यू नॉर्म अनुसार पद सृजित करवाने, प्रमोशनल स्केल जारी करवाने, पदनाम संशोधन, कंफर्मेशन सूचियां जारी करवाने, सहित तमाम लंबित मांगो पर गहन मंथन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### दो प्राध्यापकों को प्रोफेसर पद पर पदोन्नति

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि अंग्रेजी विभाग के दो वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉ. जयबीर धारीवाल एवं डॉ. सुरुचि शर्मा को करियर एडवांसमेंट स्कीम के अंतर्गत एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर पदोन्नत किया गया है। दोनों विद्वानों ने शिक्षण, शोध एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के माध्यम से अंग्रेजी साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी यह पदोन्नति उनके निरंतर परिश्रम, उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों तथा संस्थान के प्रति समर्पण का परिणाम है।





### अर्थ डे पर निकाली जागरूकता रैली

**कैथल।** आर.के.एस.डी पब्लिक स्कूल में अर्थ डे मनाया गया जिसमें स्कूल में विविध गतिविधियां करवाई गई 1 स्कूल के छात्रों द्वारा हमारी शक्ति हमारा ग्रह थीम को लेकर एक रैली भी निकाली गई ।यह रैली स्कूल के गेट से पेहवा चौक तक सुनिश्चित की गई।इस रैली में छात्रों ने स्लोगन ,पोस्टर ,व नारे के द्वारा जनजीवन को पर्यावरण तथा पृथ्वी के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। अन्य गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र बनी। स्कूल में पृथ्वी दिवस पर कविता पाठ, स्पीच ,निबंध प्रतियोगिता ,प्रश्नोत्तरी आदि के द्वारा छात्रों को अपने कर्तव्यों का बोध करवाया गया।



### नारी सशक्तिकरण पर किया जागरूक

**ढांड।** चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढांड-डडवाना में नारी वंदन शक्तिकरण विधेयक 2023 को लेकर जागरूकता एवं परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं पूंडरी के पूर्व विधायक तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन तथा प्राचार्या संगीता शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा कि यह विधेयक महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से विधायिका में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जा सकती है।

## एक मंच पर दिखा नवाचार और पर्यावरण जागरूकता का अनोखा संगम

# पृथ्वी दिवस पर एनआईआईएलएम विवि में विज्ञान प्रदर्शनी, नैन्सी, मन्नत व अनु को मिला प्रथम स्थान

*प्रयोगशाला से जीवन तक सतत भविष्य के लिए नवाचार विषय पर प्रदर्शनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल के स्कूल ऑफ लाइफ साइंस और भौतिक विज्ञान संकाय ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इसमें नवाचार और पर्यावरण जागरूकता को एक मंच पर लाया गया।

प्रदर्शनी का विषय था "प्रयोगशाला से जीवन तकः सतत भविष्य के लिए नवाचार", जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक विचारों को पर्यावरण स्थिरता और सामाजिक कल्याण के लिए व्यावहारिक, वास्तविक दुनिया के समाधानों में परिवर्तित करना था। इस कार्यक्रम में एनआईआईएलएम विवि, कैथल के चेयरमैन श्री संदीप चहल, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. देवेंद्र ढुल, बीआर अंबेडकर कॉलेज, कैथल के गणित विभाग की प्रोफेसर (डॉ.) इंदु गाबा (विशेष अतिथि के रूप में), लाइफ साइंस संकाय की डीन डॉ. ऋचा मोर, और भौतिक विज्ञान संकाय के डीन डॉ. राजीव पाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. गीतांजलि और महक गुप्ता ने किया, जिनके प्रयासों से प्रदर्शनी का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हुआ। मूल्यांकन प्रक्रिया डॉ. गौतम, डॉ. विनय पवार और डॉ. पंकज सहित निर्णायक मंडल द्वारा की गई, जिन्होंने परियोजनाओं की नवीनता और व्यावहारिक प्रासंगिकता की सराहना की। प्रतियोगिता के परिणामों में, नैन्सी, मन्नत और अनु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विनीत और स्नेहा को दूसरा स्थान मिला, जबकि ज्योति, प्रीति और मासूम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



**कैथल।** विज्ञान प्रदर्शनी में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करते पदाधिकारी

### कलायत के सरकारी कन्या स्कूल में मना पृथ्वी दिवस

**कलायत।** कलायत के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पृथ्वी दिवस उपलक्ष्य में जागरूकता पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम हुए। सरकार के दिशा निर्देश अनुसार पृथ्वी बचाओ जल बचाओ प्लास्टिक को ना कहो, पर्यावरण को सुरक्षित रखो विषय पर निबंध लेखन नारा लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का की शुरुआत प्रधानाचार्य डा.रामगोपाल शर्मा द्वारा शिक्षकों की मौजूदगी में की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से धीर सिंह, विश्व प्रताप राणा, सुरेंद्र सिंह, गुरनाम सिंह व संदीप सिंह सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। बताया कि 22 अप्रैल को हर साल विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व पृथ्वी दिवस 22 अप्रैल 2026 मुख्य थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह है। सनातन संस्कृति में धरती की व्याख्या मां के रूप में की गई है। उन्होंने प्राण दाहिनी धारा को प्रदूषण से मुक्त और वृक्षों से युक्त करने का संकल्प लेने की अपील की।


**कैथल।** कलायत के सरकारी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता के उपरांत शिक्षकों की मौजूदगी में तैयार पेंटिंग दिखातीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### पृथ्वी को हरा-भरा रखने का दिया संदेश

**राजौंद।** सत्य भारती स्कूल, रसीना में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने का संदेश देना रहा। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने आकर्षक चित्रों और पोस्टरों के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए, ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। बच्चों ने संकल्प लिया कि वे जन्मदिन पर केक काटने की बजाय एक-एक पौधा लगाएंगे।


**कैथल।** सत्य भारती स्कूल, रसीना में विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**राजौंद।** किठाना स्थित किठाना पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया। इसके बाद भाषण, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और पौधारोपण जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय की निदेशिका डॉ. सुमन ढांडा ने अपने संदेश में कहा कि, "पृथ्वी हमारी माता है और इसकी सुरक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है।


**कैथल।** कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### अर्थ डे पर दिलाया पृथ्वी बचाने का संकल्प

**सीवन।** नगर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इको क्लब फार मिशन लाइफ के तत्वावधान में सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के उद्देश्य से विश्व पृथ्वी दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश ढुल ने की। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब के अध्यक्ष संदीप कुमार की देखरेख में चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में बच्चों को पृथ्वी दिवस के अवसर पर यह दृढ़ संकल्प लेने का आह्वान किया कि हम ऐसी गतिविधियों का विरोध करेंगे जो पृथ्वी संरक्षण के लिए हानिकारक है। प्रार्थना सभा के दौरान भूगोल प्राध्यापक नितिन शर्मा ने उपस्थित अध्यापकों एवं छात्रों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।


**कैथल।** सीवन के स्कूल में बच्चों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य नरेश ढुल।

### पर्यावरण के अनुकूल आदत अपनाएं

**सीवन।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय हुडा सेक्टर-19 में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय में "पर्यावरण के अनुकूल आदतें अपनाएं" विषय पर अनेक गतिविधियां करवाई गईं। बच्चों ने "जल बचाओ, पृथ्वी बचाओ" विषय पर आकर्षक स्लोगन लिखे तथा पर्यावरण संरक्षण पर निबंध लेखन के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने अपने लेखन में जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता और प्लास्टिक के कम उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाया। हिंदी अध्यापिका सुषमा शर्मा ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में धरती को मां का दर्जा दिया गया है। इस अवसर पर अनीता शर्मा और मोनिका व स्टाफ उपस्थित रहा। द्यिार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।


**कैथल।** विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

# खुद अनुशासन में रहेंगे तभी समाज को दिखा पाएंगे रास्ता, देश को श्रेष्ठ बनाने में दे सकेंगे योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट बी.एड. कॉलेज कैथल के धन्ना भक्त ऑडिटोरियम हॉल में विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बैनिवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर बी.एड.प्रथम वर्ष कक्षा के छात्रों ने मुख्य अतिथि व जाट हाई स्कूल सोसाइटी कार्यकारिणी सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। तत्पश्चात प्राचार्य एवं शिक्षक गणों का तिलक लगाकर स्वागत किया। बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का भी तिलक लगाकर स्वागत किया गया।सर्वप्रथम मुख्य अतथि श्री राजकुमार बैनिवाल व कार्यकारिणी सदस्यों व प्राचार्य डॉ दिनेश सिंह ढिल्लों ने देवी सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि श्री राजकुमार बैनिवाल ने कहा कि- आप भविष्य में शिक्षक बनने जा रहे हैं। शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है, समाज के प्रति आपकी जिम्मेदारी दोहरी बन जाती है। आपको पहले स्वयं एक अच्छा नागरिक बनना होगा हम स्वयं में अच्छे नागरिक होंगे तभी दूसरे को प्रेरणा दे सकते हैं। स्वयं अनुशासन में रहते हुए हमें समाज का मार्गदर्शन करना होगा तभी भारत एक श्रेष्ठ राष्ट्र बन सकता है।


**कैथल।** जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बैनिवाल विदाई पार्टी समारोह का शुभारंभ करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में जाट हाई स्कूल सोसाईटी के उप प्रधान बलजिंदर सिंह बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन एवं कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा , महावीर राविश,दलवीर कैरो,महावीर कुंडू, विक्रम सिंह, सन्नी चौशाला,राजपाल गुहणा, कुलदीप सिंह, जसवीर मानस, रजत रापड़िया, स्वतंत्र पाल आदि उपस्थित थे।

*दमकल कर्मियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन*

# बुलंद की आवाज, कहा-मांगें नहीं मानी गईं तो तेज करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

फरीदाबाद अग्निकांड में जान गंवाने वाले दमकल कर्मियों को न्याय दिलाने और विभागीय कर्मचारियों की लंबित मांगों के समाधान को लेकर हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन ने गुहला के विधायक देवेंद्र हंस को ज्ञापन सौंपा। यूनियन पदाधिकारियों ने इस दौरान अपनी मांगों को प्रमुखता से रखते हुए सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 16 फरवरी 2026 को फरीदाबाद के मुजेसर क्षेत्र में हुई भीषण आगजनी के दौरान 2 दमकल कर्मियों ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्होंने कहा कि ऐसे बहादुर कर्मचारियों को 'शहीद' का दर्जा न मिलना कर्मचारियों की भावनाओं को आहत करता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि शहीद कर्मियों के परिजनों को पर्याप्त आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और पूर्ण सामाजिक सुरक्षा दी जाए। यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा। विधायक बातों को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया।


**कैथल।** सीवन में विधायक देवेंद्र हंस को ज्ञापन सौंपते हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

# मंडियों में दिख रही भाजपा की धोखाधड़ी

**कैथल।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कैथल की अतिरिक्त अनाज मंडी का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं और भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि कैथल जिले सहित हरियाणा की की मंडियों में गेंहू की आवाज जोरों पर है। लेकिन पभाजपा सरकार किसानों, खेत मजदूरों, आढ़तियों और मंडी मजदूरों के साथ अन्याय कर रही है। सुरजेवाला ने कहा कि भीषण गर्मी और खुले में तपते मजदूर-किसान, न खरीदी, न उठान, न फसल का भुगतान 'भाजपाई बदहाली' से अन्नदाता परेशान निकम्मी सरकार है झूठ और लूट की दुकान। कहा कि सरकारी खरीदी की 'भाजपाई नौटंकी' के चलते हरियाणा की मंडियों में हर तरफ 'भाजपाई धोखाधड़ी और अत्याचार' का हाहाकार है। नायब सैनी सरकार की बदनीयती का नतीजा है कि पूरे प्रदेश की अनाज मंडियाँ 'फुल' हैं, मगर किसान की जेब 'खाली' है।



# हर वर्ग में जगाएंगे सेवा का भाव : अनिल

**सीवन।** भारत विकास परिषद शाखा सीवन के नवनियुक्त कोषाध्यक्ष अनिल गर्ग ने कहा है कि आने वाला एक वर्ष संस्था के लिए परिवर्तन और विस्तार का दौर होगा।

उन्होंने भरोसा जताया कि परिषद सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि परिषद की पूरी टीम समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने शाखा के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रमेश राणा के नेतृत्व को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में संगठन लगातार आगे बढ़ रहा है। अनिल गर्ग ने स्पष्ट किया कि संस्था का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर सेवा का भाव जागृत करना है। इसी दिशा में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और सामाजिक सहयोग से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाएगी।


**कैथल।** सीवन में पत्रकारों से बात करते अनिल गर्ग।

# खादों के संतुलित प्रयोग के लिए किसानों को प्रेरित करें : रमेश वर्मा


**कैथल।** डा. रमेश वर्मा किसानों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**कैथल।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मिट्टी परीक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं आधुनिक तकनीकों पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि अधिनस्त कृषि विज्ञानं केंद्र कैथल में कृषि संगोष्ठी में केंद्र के वरिष्ठ समन्यवक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने कृषि अधिकारियों का आह्वान किया की वे किसानो को खादों का संतुलित प्रयोग के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में फसल उत्पादन बढ़ाने, लागत कम करने तथा मृदा स्वास्थ्य को दीर्घकालीन रूप से सुरक्षित रखने के विभिन्न वैज्ञानिक उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

**बोली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव दीवाल में पंचायत द्वारा शिव मंदिर के पास वाला तालाब (Open) व स्कूल के पास वाला तालाब (SC) में मछली पालन हेतु बोली 29 अप्रैल 2026 को सुबह 11:00 बजे गुर्जर चौपाल में करवाई जाएगी। सिक्योरिटी राशि 10000/- रूपये मौके पर जमा करवानी होगी। अन्य शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

| | |
|---|---|
| सरपंच प्रतिनिधि | ग्राम सचिव |
| ग्राम पंचायत | ग्राम पंचायत |
| दीवाल (कैथल) | दीवाल (कैथल) |
| बलबीर सिंह | नीरज |
| मो. नं. 9671636066 | मो. नं. 8295223052 |

### आरकेएसडी कॉलेज व व्हाइट बैंगर टेक प्रा. लि. के बीच करार

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने व्हाइट बैंगर टेक प्रा. लि., कैथल के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इस एमओयू के अंतर्गत विद्यार्थियों को कंप्यूटर विज्ञान एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में इंटर्नशिप, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा परिणाम-आधारित शिक्षण के अवसर प्रदान किए जाएंगे। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई है। समझौते के अनुसार, व्हाइट बैंगर टेक प्रा. लि. विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रमों का संचालन करेगी, उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल प्रदान करेगी तथा मेंटरशिप उपलब्ध कराएगी। वहीं, आर.के.एस.डी. कॉलेज विद्यार्थियों और संस्था के बीच समन्वय स्थापित करेगा तथा उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करेगा।

**सुविधा** दूसरे फेज में 9 गांवों को शामिल करने के लिए डीएनआईटी तैयार

# कलायत में जल्द पहुंचेगा भाखड़ा का पानी, ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत क्षेत्र के जल घरों में पहले फेज के तहत भाखड़ा पानी पहुंचाने की योजना की ट्रायल शुरू हो गई है। पहले फेज में सरकार द्वारा 7 गांवों को शामिल किया गया। इसकी ट्रायल प्रक्रिया शिमला गांव में मंगलवार को जारी रही। दूसरे फेज में 9 गांवों को शामिल करने के लिए डीएनआइटी तैयार की गई है। सरकार की अनुमति मिलने के उपरांत टेंडर लगाते हुए इन गांवों को भाखड़ा के पानी का लाभ प्रदान किया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एसडीओ नरेश कुमार ने बताया कि सरकार की नीति के तहत सभी गांवों में जल घरों को 6-6 इंची कनेक्शन से 24 घंटें सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई दी जाएगी। उधर मंगलवार को गांव शिमला में पेयजल आपूर्ति को लेकर ग्रामीण व विभाग में योजना स्वरूप को लेकर स्थिति स्पष्ट करने के लिए व्यापक बहस हुई। भाखड़ा पानी के जलघर तक पहुंचने वाले कनेक्शन की क्षमता को लेकर ग्रामीणों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से स्थिति स्पष्ट करने की मांग उठाई। भाकियू नेता जिले सिंह, यूथ पावर ग्रुप के प्रधान आशीष मोर, सुनील मोर, रोहित मोर, अंकित, मोनू, रिषी, दीपक कुमार और जोरा सिंह का आरोप है कि विभाग द्वारा नियमों के अनुरूप जल आपूर्ति नहीं दी जा रही। जिससे गांव में पानी की समस्या पैदा होगी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 19 इंच पाइपलाइन बिछाई गई है। इसके बावजूद जलघर को छोटा कनेक्शन दिया जा रहा है। उनका कहना है कि नेशनल हाईवे के नीचे से 19 इंच पाइपलाइन की जो क्रासिंग होनी थी वह नहीं की गई। इसके स्थान पर पुराने समय की पाइपलाइन में ही नया कनेक्शन जोड़ दिया गया। इससे पानी का दबाव सही तरीके से नियंत्रित नहीं हो पा रहा। ग्रामीणों के अनुसार इस लापरवाही के कारण कई बार पानी ओवरफ्लो होकर नेशनल हाईवे, आसपास की दुकानों और खेतों में फैल गया। जिससे नुकसान भी हुआ है।


**कैथल।** कलायत के शिमला में मुख्य मार्ग पर भाखड़ा पानी को लेकर जुटे ग्रामीण

### 24 घंटे मिलेगी ग्रामीणों को सप्लाई

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कलायत एसडीओ नरेश कुमार ने ग्रामीणों के आरोपों को नकारते हुए कहा कि सरकार की नीति के तहत ही कनेक्शन दिए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित प्रारूप के अनुसार प्रत्येक गांव के जलघर को मुख्य लाइन से 6 इंच का कनेक्शन दिया जाता है। सभी जलघरों को 24 घंटे निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

**सार्वजनिक सूचना / नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सरकारी विद्यालयों में कंडम (अप्रयुक्त) कमरों की बोली (नीलामी) निर्धारित तिथि एवं समय पर की जाएगी:

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बुटानी खंड - सफीदों, जिला - जींद**
कंडम 4 कमरों की बोली दिनांक: 30-04-2026 समय: प्रातः 10:00 बजे

**राजकीय कन्या पाठशाला, बुटानी खंड - सफीदों, जिला - जींद**
कंडम 2 कमरों की बोली दिनांक: 30-04-2026 समय: दोपहर 12:00 बजे

शर्तें:
* इच्छुक बोलीदाता निर्धारित समय पर स्वयं उपस्थित हों।
* बोली की सभी शर्तें मौके पर ही बताई जाएंगी।
* प्रशासन को बिना कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**अधिक जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय से संपर्क करें।**
**संपर्क सूत्र : 94163-87758, 9466320517**

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी केंद्र में मासूम का अन्नप्राशन संस्कार

**सीवन।** गांव खरका स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सीबीई बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आंगनवाड़ी वर्कर ज्ञानो देवी ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं व अभिभावकों को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल के प्रति जागरूक करना रहा। बैठक के दौरान 6 माह के शिशु का अन्नप्राशन संस्कार विधिवत संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को शिशु के पहले ठोस आहार की महत्ता, संतुलित आहार और समय पर पूरक पोषण शुरू करने के बारे में जानकारी दी गई।

### तबादले रद्द की मांग को लेकर जारी रहा धरना

**उचाना।** उचाना बिजली निगम कार्यालय में निगम कर्मचारियों द्वारा एसडीओ उचाना जोजो तनेजा सहित तीन के तबादले रद्द करने की मांग को लेकर 16वें दिन धरना जारी रखा। अध्यक्षता जोगिंद्र अलेवा ने की। एवीकेएएसएच जिला अध्यक्ष मोती मोर ने कार्यकारिणी के साथ पहुंच कर धरने का समर्थन किया। संचालन कमलदीप श्योकंद ने किया। सुभाष करसिंधु, नरेंद्र जेई, दीपक, विपिन जेई ने कहा कि जो तबादले किए गए है वो पूरी तरह से राजनीति दबाव के चलते किए गए है।

### विवि में सेल्फी प्वाइंट स्थापित करने की मांग

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय में ज्ञापन सौंप कर विश्वविद्यालय परिसर में एक आकर्षक एवं आधुनिक सेल्फी प्वायंट स्थापित करने की मांग की। विद्यार्थियों ने कहा कि यह केवल एक सजावटी संरचना नहीं होगी बल्कि विश्वविद्यालय की पहचान, छात्रों की भावनाओं और संस्थान की आधुनिक छवि का प्रतीक बनेगी। एबीवीपी ईकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि समय डिजिटल युग का है।

### चोरों ने गांव क्योड़क से हजारों के जेवरात चुराए

**कैथल।** कैथल के गांव क्योडक से चोर एक घर में घुसकर हजारों रुपए की जेवरात चुरा कर ले गए। जसवंती रोड क्योडक के अक्षय ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में बताया कि 21 अप्रैल को चोर उनके घर में घुसकर वहां पर रखे सोने में चांदी के जेवरात व अन्य सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कुल कीमत करीब 80 हजार रुपए बताई गई है। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक मनोज ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दो युवतियों को भगाने के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग स्थान से दो युवतियों को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पहले मामले में पुलिस को दी एक व्यक्ति ने बताया कि 19 अप्रैल को अंकित नामक युवक उसकी 22 वर्षीय बेटी को अपने साथ बहला फुसला कर भगा ले गया। इसी प्रकार, सीवन थाना पुलिस के तहत गांव के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 20 अप्रैल को बलजिंदर नामक युवक उसकी 21 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया।

महिला बिल को संसद में पास न होने देने पर जताया रोष

# भाजपा महिला शक्ति ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

**कहा : कांग्रेस तथा उसके सहयोगी महिला विरोधी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए भाजपा महिला कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

भाजपा नारी शक्ति ने बुधवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल के संसद में पास न होने देने के विरोध मे राजकीय महिला महाविद्यालय के सामने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रोष प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही भाजपा नेत्री व जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि इस बिल को संसद में पास होने से रोकने वाली कांग्रेस तथा बिल का विरोध करने वाली पार्टियों को महिला शक्ति कभी भी माफ नही करेगी। उन्होंने कहा कि आधी आबादी महिलाओं की है। शर्म की बात है कि कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी हैं। टीएमसी नेता ममता बैनर्जी भी महिला हैं। बावजूद इसके बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं खेलों, सेना, पढ़ाई समेत तमाम क्षेत्रों में अग्रणी पंक्ति में है। लोकसभा व विधानसभा में जहां नीतियां बनाई जाती है। उसमें बराबरी की हक महिलाओं को क्यों नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की एक ही सोच रही है कि महिलाएं केवल चौके चूल्हे तक सीमित रहें। युद्ध मिशनों को महिलाओं ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।

बड़े दुख की बात है कि जब देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सम्मान देते हुए 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को संसद में लाने का काम किया। इस मौके पर वृंदा शर्मा, कविता शर्मा, सरोज, सुनीता, रीटा धीमान, अंकित बिढलान, संतोष समेत काफी संख्या मे महिलाएं मौजूद रही।


जींद। पुतला फूंकते हुए भाजपा महिला कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

**महिला विरोधी छवि का परिचय**

*नगर परिषद अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी व उसके सहयोगी दलों ने इस बिल को गिराकर महिला विरोधी छवि का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर कांग्रेस के जघन्य अपराध के बारे में महिलाओं को बताएंगी। जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ता राजकीय महिला कालेज के सामने पहुंची और कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंक कर नारेबाजी की।*

# टीबी जांच के लिए सीएचसी कंडेला में अत्याधुनिक ट्रूनेट मशीन की स्थापित

- डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद


जींद। ट्रूनेट मशीन को सौंपते हुए डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कंडेला में स्वास्थ्य सेवाओं को हाईटेक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। क्षेत्र के मरीजों को अब टीबी जैसी गंभीर बीमारियों की सटीक जांच के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। मरीजों की समस्या को देखते हुए यहां अत्याधुनिक ट्रूनेट मशीन स्थापित की गई है। उप सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया ने केंद्र का दौरा कर यहां नई स्थापित ट्रूनेट मशीन का विधिवत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि इस अत्याधुनिक मशीन के आने से जांच प्रक्रिया तेज होगी। पहले नमूनों को बाहर भेजने के कारण रिपोर्ट आने में काफी समय बर्बाद होता था। अब स्थानीय स्तर पर ही कुछ ही घंटों में सटीक नतीजे मिल सकेंगे, जिससे मरीजों का इलाज तुरंत शुरू हो पाएगा।

**ट्रूनेट मशीन से जल्द मिलेगी रिपोर्ट : डा. पालेराम**

डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि ट्रूनेट मशीन से जांच की जाए। जांच के लिए आने वाले किसी भी मरीज को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस सुविधा से अब स्थानीय स्तर पर ही त्वरित उपचार संभव हो सकेगा।

# पृथ्वी दिवस पर श्री पार्श्वनाथ गुरुकुल में रचनात्मक गतिविधियां करवाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

श्री पार्श्वनाथ गुरुकुल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाल वाटिका के नन्हे विद्यार्थियों ने कविता व स्लोगन प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया,वहीं कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में स्नेहा ग्रुप व जैस्मीन ग्रुप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। प्रबंधक सुरेंद्र ढुल व संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वेदों में 'वसुधैव कुटुंबकम्' का संदेश दिया गया है और धरती को मां का दर्जा प्राप्त है। आज बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और उत्साह देखकर यह विश्वास होता है कि आने वाला समाज सुसंस्कृत और जिम्मेदार होगा। संदीप कुमार ने कहा कि धरती मां एक मां की तरह सभी जीवों पर बिना किसी भेदभाव के अपनी ममता लुटाती है और सभी का समान रूप से पालन-पोषण करती है। बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर ऐसा प्रतीत हुआ मानो वे अपनी मां के प्रति प्रेम को व्यक्त कर रहे हों।


राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

# एचपीवी वैक्सीन के लिए आमजन का सहयोग व जागरूकता जरूरी

- जलालपुर कलां में आंगनबाड़ी केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव जलालपुर कलां स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने ग्रामीणों को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण और उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में एमपीएचडब्ल्यू पवन श्योकंद व पूनम रानी ने उपस्थित महिलाओं व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि एचपीवी वैक्सीन महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह कैंसर महिलाओं में होने वाली प्रमुख घातक बीमारियों में से एक हैए जिससे हर वर्ष बड़ी संख्या में मौतें होती हैं। एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित है। सरकार द्वारा आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए अब यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है।


जींद। एचपीवी वैक्सीन को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्यकर्मी।


उचाना। खाटू श्याम मंदिर को लेकर की गई नींव खुदाई।

### उचाना कलां में 5100 गज में बनेगा खाटू श्याम मंदिर

**उचाना।** उचाना कलां के प्राचीन शिव मंदिर में 5100 गज में खाटू श्याम का विशाल भव्य मंदिर का निर्माण होगा। 5100 गज में बनने वाले मंदिर निर्माण को लेकर नींव एवं भूमि पूजन 26 अप्रैल को होगा। उचाना हलके के 66 गांवों से इस दिन श्रद्धालु पहुंचेंगे। आयोजक कमेटी द्वारा प्रमुख लोगों एवं गांव-गांव जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है। नींव की खुदाई कर उसे गाय के गोबर से लिपा गया है। नींव में 11 धाम की मिट्टी एवं जल को पीतल के कलश में डाल कर रखा जाएगा। नींव ईंट कीर्तन में पहुंचे श्रद्धालुओं के हाथों से रखवाई जाएगी। खाटू श्याम से मुख्य पुजारी इस दिन नींव एवं भूमि पूजन पर पहुंचेगे। यहां पर कीर्तन में भजन गायक पूजा शाह पानीपत, पावनी खुराना हिसार, शिवम गोयल उचाना अपने गीतों से खाटू श्याम की महिमा का वर्णन करेंगे। मंच संचालन सोनू बंसल उचाना द्वारा किया जाएगा। नींव निर्माण में चार ईंट जागरण के ज्योत की होगी तो पांचवीं जो ईंट रखी जाएगी वो बाबा खाटू श्याम की जो कुलदेवी बताई गई है मां भीमेश्वरी देवी धाम से नींव ईंट की पूजा.अर्चना करके लेकर मंदिर निर्माण कमेटी लेकर आई है।

# महाविद्यालयों में दाखिले के लिए 7 से शुरू होंगे ऑनलाइन आवेदन

- पहली मेरिट लिस्ट की प्रोविजनल सूची 10 जून को जारी की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, पुंडरी में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिला प्रक्रिया का औपचारिक आगाज हो गया है। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पुंडरी की प्राचार्या डॉक्टर शकुंतला ने बताया कि स्नातक में प्रवेश की इच्छुक छात्राएं 7 मई से 31 मई तक उच्चतर शिक्षा विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा नमस्कार सकती हैं। विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, कॉलेज प्रोफाइल भरने की प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी, जबकि छात्राओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों का सत्यापन महाविद्यालय स्तर पर 9 मई से 6 जून तक किया जाएगा। यदि किसी छात्रा के आवेदन फॉर्म में कोई त्रुटि रह जाती है, तो वह 1 जून तक उसमें सुधार कर सकेंगी। पहली मेरिट लिस्ट की प्रोविजनल सूची 10 जून को और फाइनल सूची 11 जून को जारी की जाएगी, जिसके आधार पर छात्राएं 12 जून से 15 जून तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगी।


पूंडरी। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय की फाइल फोटो। फोटो :हरिभूमि


जींद। कार्यक्रम में शपथ लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**जींद।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र जींद में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे परिसर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। जिसमें वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व डा. धीरज पंघाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित और संतुलित बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विशेष रूप से जल संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, रासायनिक पदार्थों के सीमित उपयोग तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण को अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ई. रवि, डा. प्रीति, सुरेंद्र मित्तल तथा राजीव शर्मा भी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने यह शपथ ली कि वे अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण हितैषी आदतों को अपनाएंगे, जल का अनावश्यक उपयोग नहीं करेंगे। वृक्षारोपण को बढ़ावा देंगे तथा केवीके जींद परिसर को स्वच्छ, हरित एवं प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से संकल्प दोहराया कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ एवं सुरक्षित पृथ्वी सुनिश्चित करेंगे।

# रिसर्च पब्लिकेशन एवं डिसेमिनेशन पर ऑनलाइन मोड में व्याख्यान

- अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल्स में प्रकाशन के लिए आवश्यक मानकों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय के गणित विभाग एवं रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल के संयुक्त तत्वावधान में 22 अप्रैल को ऑनलाइन मोड में रिसर्च पब्लिकेशन एवं डिसेमिनेशन विषय पर प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं संकाय सदस्यों को शोध कार्य, उसके प्रकाशन, गुणवत्ता मानकों एवं नैतिक पहलुओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ औपचारिक स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डा. रेखा सहायक प्राध्यापिका रसायन विज्ञान विभाग राजकीय महिला महाविद्यालय मतलौदा एवं डा. वसुधा जॉली सहायक प्राध्यापिका अर्थशास्त्र विभाग राजधनी कॉलेज नई दिल्ली उपस्थित रही। अपने व्याख्यान में डा. रेखा ने श्वैज्ञानिक शोध लेखन, नैतिकता एवं प्रकाशन मानकों विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध पत्र लिखने की सही प्रक्रिया, संदर्भो के उचित उपयोग, प्लेजरिज़्म से बचाव तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल्स में प्रकाशन के लिए आवश्यक मानकों की जानकारी दी।


जींद। व्याख्यान में भाग लेते हुए प्राध्यापक व छात्राएं। फोटो :हरिभूमि


कैथल। डीएसपी और डीइओ परीक्षा अधीक्षकों से बातचीत करते हुए।

### नीट को लेकर परीक्षा अधीक्षकों के साथ बैठक

**कैथल।** 3 मई को होने वाली एनईईटी परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएसपी मुख्यालय बीर भान एवं जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष द्वारा जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के सेंटर सुपरिटेंडेंट्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में स्थापित कुल 5 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, व्यवस्थाओं तथा परीक्षा के सुचारू संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डीएसपी बीर भान ने कहा की परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस विभाग द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, भीड़भाड़ या अनुचित साधनों के प्रयोग को सख्ती से रोका जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित की जाए तथा प्रवेश द्वार पर सख्त चेकिंग की व्यवस्था रहे। इसके अलावा परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष ने कहा कि सभी सेंटर सुपरिटेंडेंट्स परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### डीएसपी ने शिक्षा अधिकारियों के साथ की बैठक

**कैथल।** जिला में सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों की पालना को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष व शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक कर स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीएसपी गुरविंद्र सिंह ने कहा कि यह देखने में आ रहा है कि कई स्कूलों में नाबालिग बच्चे दोपहिया व चारपहिया वाहन चलाकर स्कूल पहुंच रहे हैं, जो कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियमों का सीधा उल्लंघन है। नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाना न केवल उनके लिए बल्कि अन्य राहगीरों के लिए भी खतरे का कारण बन सकता है। केवल नाबालिग ही नहीं, बल्कि बालिग विद्यार्थियों द्वारा भी कई बार ट्रैफिक नियमों की अनदेखी की जाती है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

जींद डिपो को मिले हैं 45 हजार 750 हैप्पी कार्ड

# एक्टिवेट होने लगे जींद डिपो में भेजे गए हैप्पी कार्ड

**रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजे जा रहे मैसेज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अगस्त 2024 के बाद रोडवेज मुख्यालय की ओर से जींद डिपो में भेजे गए 45 हजार 750 हैप्पी कार्ड एक्टिवेट होने शुरू हो गए हैं। अभी मुख्यालय की ओर से 1200 हैप्पी कार्ड एक्टिवेट हुए हैं। जिनके मैसेज पात्र लाभार्थी के पास रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आ रहे हैं। लाभार्थी को दस्तावेज लेकर डिपो में आना होगा। इसके बाद 50 रुपये शुल्क के साथ हैप्पी कार्ड एक्टिवेट हो जाएगा। जिले में अंत्योदय परिवारों के लिए सरकार की ओर से मार्च 2024 में हैप्पी कार्ड योजना शुरू की गई थी। योजना के तहत पात्र व्यक्ति रोडवेज बसों में साल में एक हजार किलोमीटर सफर कर सकता है। पहले वाले हैप्पी कार्ड में से अभी भी 4800 से ज्यादा का वितरण पात्र लोगों को देना बाकी है। जिले में 107401 हैप्पी कार्ड बने थे, जिसमें से अभी 102580 कार्ड पात्र लोगों को दिए जा चुके हैंए जबकि 4821 कार्ड अभी भी नहीं बंटे हैं। सरकार ने अंत्योदय परिवारों के लिए रोडवेज बसों में एक वर्ष में एक हजार किलोमीटर की मुफ्त यात्रा की सुविधा दी है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए हैप्पी कार्ड बनाए जाते हैं। एक लाख रुपये वार्षिक आय तक वाला व्यक्ति हैप्पी कार्ड के लिए आवेदन कर सकता है। व्यक्ति को आनलाइन आवेदन करना होता है।


जींद। जींद बस अड्डे पर मौजूद यात्री। फोटो :हरिभूमि

**पात्र व्यक्ति को दिए जा रहे हैप्पी कार्ड**

*जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि मुख्यालय की ओर से डिपो में नए हैप्पी कार्ड भेजे गए हैं। वे एक्टिवेट होना शुरू हो गए हैं। कार्ड एक्टिवेट होने के बाद लाभार्थी के मोबाइल नंबर पर संदेश जाता है। वहीं पहले वाले भी काफी हैप्पी कार्ड बंटने बाकी हैं। जिन लोगों के कार्ड बन चुके हैंए उन्हें चाहिए कि वह बस स्टैंड परिसर में आकर अपना कार्ड लें।*

### आरटीई के तहत दाखिले का इंतजार अब खत्म

**राजौंद।** आरटीई सत्र 2026-27 के अंतर्गत नर्सरी से पहली कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभिभावकों का इंतजार अब खत्म होने की ओर है। सरकार द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 16 अप्रैल निर्धारित की गई थी। 22 अप्रैल तक सभी अभिभावकों को अपने आवेदन फॉर्म एवं आवश्यक दस्तावेज खंड कार्यालय राजौंद में सत्यापन हेतु जमा करवाने थे। जिन अभिभावकों ने अपने फॉर्म जमा करवा दिए थे, उनके आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित कमेटी के सदस्यों ने सत्यापित कर दिए हैं। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी संदीप नैन तथा कमेटी सदस्य रमेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।